**Regarding super speciality hospital in Baghpat**

डॉ**.** राजकुमार सांगवान **(**बागपत**) :** माननीय अध्यक्ष महोदय, आपका धन्यवाद कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया ।

अध्यक्ष महोदय, मैं आज बागपत, उत्तर प्रदेश में सुपर स्पेशियलटी अस्पताल की स्थापना की आवश्यकता के बारे में एक महत्वपूर्ण मुद्दा उठाना चाहता हूं । बागपत जिला तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है, लेकिन यहां अभी भी सुपर स्पेशियलटी स्वास्थ्य सेवाओं जैसे कार्डियोलॉजी, ऑन्कोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, और न्यूरोलॉजी की कमी है । इसके परिणामस्वरूप, बागपत के निवासी गंभीर उपचार के लिए मेरठ या दिल्ली जैसे दूर-दराज के शहरों में जाने के लिए मजबूर होते हैं, जिससे उन्हें आर्थिक बोझ और मानसिक तनाव का सामना करना पड़ता है ।

यह समस्या विशेष रूप से ग्रामीण इलाकों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए गंभीर है । उनके लिए दूर-दराज के अस्पतालों में इलाज कराना असंभव है । यदि बागपत में एक सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल स्थापित किया जाए, तो इससे स्थानीय निवासियों को समय पर, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी, और उन्हें दूर-दराज के शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी ।

इसलिए, मैं माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी से विनम्र अनुरोध करता हूं कि वे बागपत में सुपर-स्पेशियलटी अस्पताल की स्थापना के लिए शीघ्र कदम उठाएं, ताकि यहां के लोग बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सकें ।

धन्यवाद ।

**17.39 hrs** (Shri Jagdambika Pal *in the Chair*)